बीएचईएल ने ईईपीसी इंडिया क्वालिटी पुरस्कार 2024 जीता

नई दिल्ली, फरवरी 18: व्यावसायिक उत्कृष्टता और कड़े गुणवत्ता मानकों के प्रति समर्पण के लिए, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को पीएसयू श्रेणी के तहत 'ईईपीसी इंडिया क्वालिटी अवार्ड्स 2024' के चौथे संस्करण में गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

अपने ग्राहकों को बेहतर उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने की बीएचईएल की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, यह प्रतिष्ठित पुरस्कार कंपनी की गुणवत्ता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो कंपनी-व्यापी पहलों जैसे व्यावसायिक उत्कृष्टता, 5एस, क्वालिटी सर्कल, डिजिटलीकरण आदि से संचालित है।

यह पुरस्कार सुश्री बानी वर्मा, निदेशक (औद्योगिक प्रणाली एवं उत्पाद) और निदेशक (ई, आर एंड डी) - अतिरिक्त प्रभार, ने माननीय केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद से आज यहां प्राप्त किया।

*****